रोन ग्लेशियर

[स्रोत: द हिंदू](#)

जलवायु परिवर्तन के कारण स्विट्ज़रलैंड के कुछ ग्लेशियर **स्विस चीज़ (Swiss cheese)** की तरह दिखने लगे हैं, यानी छिद्रों से भरे हुए जो उनकी स्थिरता को खतरे में डालते हैं। **मई 2025 में,** [**बर्च ग्लेशियर**](#) से हुए हिमस्खलन ने **ब्लैटन** के घाटी गाँव के कुछ हिस्सों को जलमग्न कर दिया।

रोन ग्लेशियर

- **स्थान:** यह दक्षिणी स्विस आल्प्स में, **फुरका दर्रे** और इटली की सीमा के पास स्थित है तथा यही **रोन नदी का उद्गम स्थल** है, जो आगे चलकर भूमध्य सागर में गिरती है।
  - **रोन नदी** स्विट्ज़रलैंड और फ्राँस से होकर बहती है।
- **विशेषताएँ:** यह स्विट्ज़रलैंड का सबसे सुलभ और सबसे अधिक अध्ययन किया गया ग्लेशियर है। वर्तमान में यह देश का **पाँचवाँ सबसे बड़ा ग्लेशियर** है।
  - इसकी सतह पर **हिम कंदराएँ (हिम की सतह पर गहरी दरारें)** और **हिम दरारें** पाई जाती हैं।
- **ग्लेशियर का निवर्तन: 19वीं सदी से** यह ग्लेशियर क्षेत्र की दृष्टि से कम हो रहा है और **21वीं सदी के अंत तक** इसके पूरी तरह गायब हो जाने की आशंका है।
  - **आल्प्स और स्विट्ज़रलैंड**, जहाँ किसी भी अन्य यूरोपीय देश की तुलना में सबसे अधिक ग्लेशियर हैं, लगभग**170 वर्षों से ग्लेशियरों के पिघलने का अनुभव कर रहे हैं।**
- **आल्प्स: आल्प्स पर्वत शृंखला** यूरोप की सबसे ऊँची और विस्तृत **वलित पर्वत शृंखला** है, जो आठ देशों में फैली हुई है: **फ्राँस, स्विट्ज़रलैंड, इटली, लिकटेंस्टीन, ऑस्ट्रिया, जर्मनी, स्लोवेनिया** और **मोनाको**। इसका सबसे ऊँचा शिखर **मोंट ब्लांक** है, जो **फ्राँस-इटली की सीमा** पर स्थित है।

और पढ़ें: [**आल्प्स के बदलते भू-दृश्य**](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rhone-glacier